प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 10 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 05 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिया जा रहा मतदाता जागरूकता संदेश

सिवनी यशोः-कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के निर्देशन एवं स्वीप प्रभारी तथा मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में जिले में सतत रूप से मतदाता जागरूकता गतिविधि आयोजित की जा रही है। स्कूलों, महाविद्यालय तथा सार्वजनिक स्थानों में रैली नुक्कड़ नाटक, रंगोली, चित्रकला वाद-विवाद तथा निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से आम जनों तथा युवा नवमतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी के साथ ही शपथ दिलाकर आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने का सभी से वचन लिया जा रहा है।

10 को बाल संरक्षण आयोग का जिले में भ्रमण

समय सीमा बैठक

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 04 सित बर को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पंवान नवजीवन विजय, अपर कले टर सीएल चनाप, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा करते हुए जिलेवार रैंकिंग तथा 50 दिवस की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी तरह कले टर श्री सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों तथा जन सुनवाई के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। इसी तरह उन्होंने सीएम मॉनिट, सांसद एवं विधायकगणों सहित विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

कले टर श्री सिंघल ने आगामी 10 सित बर को राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के प्रस्तावित बैंच एवं भ्रमण की तैयारियों को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बाल संरक्षण आयोग की बैंच एवं प्रस्तावित भ्रमण का ग्रामवार एवं वार्डवार मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार किया जाए तथा स्कूल-कॉलेज, आंगनवाड़ी आदि में बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार हो।

कले टर श्री सिंघल ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि, उनके अधीनस्थ प्रत्येक कर्मचारी का नाम पदस्थापना की मतदाता सूची में हो। इसी तरह उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग तथा सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को शतप्रतित नव मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिए। मु यमंत्री सीखों कमाओं योजना की समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा योजना में अपेक्षित कार्यवाही न करने पर कले टर श्री सिंघल ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को कारण बाताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

नेशनल लोक अदालत 9 सित बर को

सिवनी यशोः- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री राजीव एम.आप्टे के मार्गदर्शन में जिलास्तर एवं तहसील स्तर पर शनिवार 09 सित बर 2023 को वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, फौजदारी, विद्युत अधिनियम एवं मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरणों के अतिरिक्त परिवार न्यायालय में भरण-पोषण, दत्तक, विवाह विच्छेद, दा पत्य संबंधों की पुर्नस्थापना, भरण-पोषण की वसूली आदि से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किये जाने के लिए जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन /घंसौर/ केवलारी हेतु 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में शासन की ओर से जलकर, बी.एस.एन.एल., भवन कर, विद्युत आदि से संबंधित प्रकरणों में विशेष छूट भी दी जाती है। नैशनल लोक अदालत में बैंकों की रिकवरी से संबंधित प्रकरणों का भी प्रीलिटिगेशन स्तर पर निराकरण किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री विकास शर्मा ने 09 सित बर 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।

ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

कान्हीवाड़ा यशोः- डायमंडे लब कान्हीवाड़ा के तत्वाधान में ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 5 सितंबर दिन मंगलवार से कान्हीवाड़ा स्टेडियम में आयोजित होने जा रही है जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष साजिद पटेल ने खेल प्रेमियों और फुटबॉल खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में आमंत्रित किया है

इस प्रतियोगिता के मु य अतिथि केवलारी विधानसभा के पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह और जिला पंचायत सदस्या श्री मति रजनी ठाकुर हैं इस फुटबाल प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 15000, द्वितीय पुरस्कार10000 एवं ट्रॉफी रखा गया है सभी खेल प्रेमी बंधुओ और खिलाड़ियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक सं या पर उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील आयोजन समिति ने की है।

बैंकॉक "थाईलैंड" के लिए सिवनी से कराते खिलाड़ी रवाना

सेंसाई राधिका कश्यप, कु. पार्वती सनोडिया, धैर्य सोनी, कु. ना या सिंह राजपूत

सिवनी यशोः-जिला कराते संघ सिवनी से बैंकॉक, थाईलैंड में होने वाली ओपन इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में शिहांन ओमकार कश्यप के मार्गदर्शन में कराते ट्रेनिंग ले रहे छात्र-छात्राएं 6 से 10 सितंबर 2023 तक आयोजित %स्पोर्ट्स इंस्ट्यूशन रेंजसिट यूनिवर्सिटी पाटहुम् थानी, थाईलैंड% में इस इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है।



सिवनी जिले के प्रतिभावान कराते खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। इंडिया टीम से सिवनी जिले से सेंसेई कु. राधिका कश्यप नेशनल जज/रेफरी कु. पार्वती सनोडिया, कु. ना या सिंह राजपूत, धैर्य सोनी 4 सितंबर को इंदौर से मुंबई के लिए रवाना होंगे, 5 सितंबर 2023 को मुंबई से बैंकॉक, थाईलैंड के लिए रवाना होंगे।

समस्त सिवनी के खिलाड़ियों को जिला कराते संघ सिवनी के पदाधिकारी ने एवं समस्त खेल प्रेमी एवं अभिभावक एवं समस्त खिलाड़ियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की एवं हार्दिक शुभकामनाएं देकर इन्हें विदा किया ।

जनता से आर्शीवाद लेने भाजपा की जन आर्शीवाद यात्रा जिले आयेंगी 09 एवं 10 को

सिवनी यशोः- चुनाव के दौरान जनता के बीच वही जा सकता है जिसे जनता के लिए कार्य किया है। हमें देश और प्रदेश में सरकार बनाने का आशीर्वाद जनता ने जिस अपेक्षा और उ मीद के साथ दिया था हमने उसे पूरा करने का कार्य किया है। आज जब पूरे प्रदेश में हमारे वरिष्ठ नेता गण जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच जा रहे हैं तो निश्चित ही हमें अपने कार्यों के चलते जनता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। इस आशय की बात चुनाव प्रबंधन समिति के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष श्री वेद सिंह ठाकुर द्वारा कही गई।

श्री ठाकुर ने कहा कि हमारे जिले में आगामी 9 एवं 10 सितंबर को यह जन आशीर्वाद यात्रा आ रही है जो जिले की चारों विधानसभाओं से गुजरेगी यात्रा का मार्ग तय हो गया है। इस जन आशीर्वाद यात्रा को भव्य और सफल बनाने के लिए हमने कार्यकर्ताओं को विभिन्न स्तर पर जि मेदारियां सौंप दी है। अब अवसर है कि हम अपने दायित्वों के अनुरूप इस यात्रा को सफल ही नहीं अपितु ऐतिहासिक बनाने में भी जुटें। हम आगामी दिनों में चुनावों का सामना करने जा रहे हैं। राह कितनी भी कठिन हो हमारे परिश्रमी कार्यकर्ताओं ने उसे सहज बनाने का कार्य किया है। हमारी संकल्प शक्ति मजबूत रही है। यात्रा के मार्ग में पडने वाले सभी ग्रामीण क्षेत्र के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ तथा युवा एवं पुराने कार्यकर्ता आपकी समन्वय के साथ कार्य करें। हमारा संगठनात्मक ढांचा नीचे तक मजबूत है। हमारा चुनाव चिन्ह सिर्फ कमल का फूल है इस बात का ध्यान रखें।

श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की हमारी सरकार द्वारा पूरे देश एवं प्रदेश में विकास कार्य कराए गए हैं वहीं गरीब कल्याण के लिए सैकड़ो प्रकार की योजनाओं के माध्यम से जन-जन को योजना का लाभ दिलवाया गया है, आम जनता के बीच वही जा सकता है जिन्होंने जनता के लिए कुछ किया हो हम आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर फिर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे, प्रदेश के मु यमंत्री श्री चौहान ने बीमारू और पिछड़ा राज्य को विकसित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है, आज प्रदेश की दशा और दिशा बदली है।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से श्री ठाकुर ने कहा कि भारत उदय का समय चल रहा है। आज पूरा देश ही नहीं विश्व की नजर हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है। हमारे कदम चंद्रयान तक पहुंच चुके हैं , सूर्य का अध्ययन करने के लिए भी हमारे वैज्ञानिक तत्पर हैं। और अब हम चुनावी मिशन की ओर हम जा रहे हैं ,मोदी जी की कार्य प्रणाली से अब वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश विश्व बनेगा, आप सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिन्हें यात्रा के लिए जो जि मेदारी दी गई है इसका निर्वहन करते हुए जन आशीर्वाद यात्रा तथा इस दौरान होने वाली जन सभाओं को सफल बनाने में पूरी सक्रियता के साथ जुट जाए, हम सभी कार्यकर्ताओं की बदौलत हमारी यह यात्रा एवं सभा सफल होगी, हम सब चुनाव के इस युद्ध में शामिल होने जा रहे हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर में स्टील की कुर्सी दान

सिवनी यशोः- विद्या भारती द्वारा आयोजित विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज में हुई इस कार्यक्रम के मु य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव विनीत अग्रवाल, विभागीय समन्वयक चुन्नीलाल बोपचे की गरिमामय उपस्थिती रही इस अवसर परं नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय के शिक्षक विजय शु ला द्वारा अपनी स्वर्गीय पत्नी श्रीमती संगीता शु ला की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय के छात्रों हेतु 3 सीटर वेटिंग चेयर विद्यालय को भेट स्वरूप प्रदान की गई।

भगवान श्रीकृष्ण का भव्य प्राकट्य महोत्सव 7 को

जबलपुर के कलाकारो द्वारा दी जायेगी भव्य भजन संध्या की प्रस्तुति

सिवनी यशोः- उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज के मुंगवानी रोड रूपचंद नगर मे इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण का भव्य प्राकट्र्य महोत्सव जन्माष्टी 7 सितंबर दिन गुरूवार को मनाया जा रहा है जिसमे विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाकर रात्रि जागरण करते हुए भगवान की अराधना एवं उपासना की जायेगी तथा दूसरे दिन भगवान की प्रतिमा की जलस्थापना की जाकर कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। भगवान श्रीकृष्ण प्राकटय महोत्सव समिति महामाया वार्ड सिवनी के सदस्यो द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण का भव्य प्राकटय महोत्सव कार्यक्रम वरिष्ट अधिवक्ता श्री रविन्द्र कुमार चौधरी के निवास के सामने मुंगवानी रोड भैरोगंज मे आयोजित

कियाजा रहा है। कार्यक्रम के तहत 7 सितंबर 2023 दिन गुरूवार को कार्यक्रम की शुरूआत कर दी जायेगी जिसके तहत सांय ठीक 7 बजे से 11.45 बजे तक संस्कारधानी जबलपुर के यातिलब्ध कलाकारो द्वारा भजन संध्या व बांसूरी वादन की प्रस्तुति दी जायेगी । इसके बाद रात्रि 12.30 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्रीकृष्ण का प्राकटय महोत्सव मनाया जायेगा तथा रात्रि 12.30 बजे से महिला/पुरूष मण्डल द्वारा भजन गायनर एवं हरि पलना झुलावा का कार्यक्रम चलता रहेगा तथा प्रातः 4.30 बजे भगवान श्रीकृष्ण की भव्य मंगला आरती एवं प्रातः 8 बजे भगवानश्रीकृष्ण की प्रतिमा का मृगनयनी वाटिका बंडौल सरोवर मे जलस्थापना हेतु प्रस्थान प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के संबंध मे बताया जाता है कि वैसे तो हर वर्ष भगवान श्रीकृष्ण का प्रकाटय उत्सव कार्यक्रम घरो घर हर्ष उल्लास के साथ मनाया ही जाता है किन्तु इस बार यह प्राकटस महोत्सव भव्य एवं आकर्षण के साथ मनाया जा रहा है जिसके तहत विशाल पंडाल लगाया जाकर भव्य एवं आकर्षक स्टेज साऊँड सिस्टम लाईटिंग एवं भगवान श्रीकृष्ण की भव्य एव आकर्षक प्रतिमा झूले मे रखी जायेगी भगवान श्रीकृष्ण के प्राकटस महोत्सव के बाद मंगल आरती तक धर्मालु बारी बारी से इस झुलना को झुलायेगे आयोजक समिति द्वारा समस्त धर्मालु भक्तो से सपरिवार उपस्थिति का विनम्र निवेदन किया गया है।



बाबा तिवारी बने चुनाव अभियान समीति के जिला अध्यक्ष

सिवनी यशोः-मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस ने जिला स्तर पर चुनाव अभियान समितियो के अध्यक्षो की सूची जारी है।
पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया द्वारा सिवनी जिले में युवा नेता, डंपर यूनिंयन के जिला अध्यक्ष विधाधर बाबा तिवारी को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
बाबा तिवारी को चुनाव के पूर्व दिये गए इस पद से जिले की चारो विधानसभाओं में कांग्रेस के घोषित होने वाले उ मीदवारों के जीत की संभावना ज्यादा हो गई है। चुकि बाबा वर्षो से कांग्रेस के कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी हित में पूरे जिले में कार्य करते रहे है ऐसे में उनके अनुभव का फायदा कांग्रेस को मिलना तय है।
तिवारी की इस नियुक्ति पर रामायण सिंह सिसोदिया, योगेंद्र सोनी, सुनील बघेल, ,उज्ज्वल चौरसिया, प्रवीण तिवारी, भूरा जंघेला, अभि यादव, राज गोस्वामी, विशाल तिवारी, संतोष खताबिया, शाहिद रजा, मनोज हिरणखेड़, राजेश उपाध्याय, आशीष शर्मा गोलू सहित ने उनको शुभकामनाएं दी है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सामग्री वितरण कार्यक्रम मे सहभागिता किया

-श्रीराम कथा स्थल पालीटेर्कि नक मैदान पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

सिवनी यशोः- सोमवार 04 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने संग्राहकों को सामग्री वितरण कार्यक्रम मे अतिथि के रुप मे सहभागिता किया। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बंडोल मे प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, जिला यूनियन दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा मु यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत आयोजित संग्राहकों को सामग्री का वितरण कार्यक्रम मे विधायक श्री राय ने सांसद डा. ढालसिंह बिसेन के साथ बतौर अतिथि सहभागिता किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मे मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन किया गया। तदुपरांत विभागीय अधिकारियों द्वारा विधायक श्री राय सहित सभी अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया।

इसके पश्चात वनोपज सहकारी समिति मर्यादित बंडोल के प्रांगण मे आयोजित कार्यक्रम मे विधायक श्री राय व सभी अतिथियों के करकमलों से हितग्राहियों को सामग्री का वितरण कर लाभान्वित किया

गया। इस अवसर पर राकेश काकू बैस वरिष्ठ भाजपा नेता, घनश्याम सराठे अध्यक्ष वनोपज सहकारी समिति, श्रीनिवास मूर्ति, सुमित राय भाजपा मंडल अध्यक्ष, धनसिंह धन्नू बघेल उपसरपंच बंडोल, किसन छोटू साहू, सुदेश माहीवाल डीएफओ दक्षिण वनमंडल, राकेश कुमार वन अधिकारी, सहित दक्षिण वन मंडल, सहकारी समिति के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बडी सं या मे संग्राहकों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी अपने बारापत्थर स्थित निवास मे आगामी 09 सितंबर से आयोजित की जाने वाली श्रीराम कथा के संबंध मे आयोजित बैठक मे शामिल तथा नगर के पालीटेर्कि नक मैदान कथा स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

जबरन नॉलेज

विद्युत कंपनी की लापरवाही से किसान दोहरी मार झेल रहा - डॉ. बिसेन

सांसद ने बिजली की वर्तमान समस्या के निराकरण हेतु जिला कले टर से की चर्चा

सिवनी यशोः- लोड शेडिंग के कारण जहां आये दिन ट्रांसफार्मर जल रहे है वही किसानों की मोटरें भी जल रही है। ऐसी परिस्थिति में किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। धान उत्पादक किसान बिजली की इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। बिजली कंपनी अपनी व्यवस्थायें सुधारे ताकि धान सहित मक्का एवं खरीफकी अन्य फसलों को समय पर पानी मिल सके। उक्ताशय की बात बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने किसानों के समक्ष खड़ी बिजली की विकट समस्या के परिप्रेक्ष्य में जिला कले टर क्षितीज सिंघल से चर्चा के दौरान करते हुए उनसे इस समस्या के समाधान हेतु विद्युत कंपनी के अधिकारियों को उचित निर्देश देने की अपेक्षा व्यक्त की।

सांसद डॉ. बिसेन ने किसानों को सिंचाई हेतु बिजली की आ रही समस्या पर संज्ञान लेते हुए विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अलावा जिला कले टर श्री सिंघल से चर्चा कर अवगत कराया कि वर्तमान में हर गांव में लोड शेडिंग एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। इस समस्या के चलते जहां अनेक जगहों पर ट्रांसफार्मर जलने की घटनायें सामने आ रही है वहीं किसानों की मोटरें भी धड़ा धड़ जल रही है। विद्युत वितरण कंपनी को ट्रांसफार्मर 3 दिन के अंदर सुधारना चाहिए किंतु ऐसा न होकर कई कई दिन तक सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है। किसानों की मोटरें जलने से उन्हें जहां बार बार बाईडिंग में पैसा खर्च करना पड़ रहा है वहीं खेतों की सिंचाई का रकबा भी प्रभावित हो रहा है। इस तरह किसान विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण दोहरी मार झेल रहा है।

डॉ. बिसेन ने चर्चा के दौरान सुझाव दिया कि विद्युत वितरण कंपनी को चाहिए की वह लोड अनुसार ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करें, जरूरत पड़े तो लोड अनुसार एक ओर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा दें ताकि न ट्रांसफार्मर जलने का खतरा रहेगा और न ही किसानों की मोटरें जलेगीं और वे समय पर सिंचाई कर सकेगे। सांसद डॉ. बिसेन ने यह भी सुझाव दिया कि वर्तमान में मानसून की कम बारिश होने के कारण बिजली के उत्पादन और मांग में अंतर आया है, जिसके कारण किसानों को 10 घंटे की बजायें 7 घंटे ही बिजली दी जा रही है। यदि यह बिजली आपूर्ति दिन में कर दी जाये तो किसान सिंचाई का भरपूर लाभ उठा सकता है। डॉ. बिसेन ने चर्चा के दौरान जिला कले टर श्री सिंघल के समक्ष यह बात रखी कि वे इस गंभीर समस्या पर त्वरित संज्ञान लेकर विद्युत कंपनी को वर्तमान व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित करें ताकि धान सहित खरीफकी अन्य फसलों को सूखे से बचाया जा सके।

पूरे शुजालपुर ने दी अपने लाल को अंतिम विदाई

मध्यप्रदेश के शुजालपुर में शनिवार को मातम पसरा रहा, भारतीय सेना में कार्य कर रहे दीपक चौधरी का अंतिम संस्कार दिया गया। उनका देश रक्षा में बलिदान हो गया। वो भारतीय सेना में लेह लद्दाख में अपनी सेवायें दे रहे थे और वहीं बलिदान हो गए। शनिवार को शुजालपुर मंडी के निवासी से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गयी, इसमें बड़ी सं या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी.

शुक्रवार शाम उनकी उनकी पार्थिव देह भोपाल पहुंची. जानकरी के अनुसार लद्दाख में तापमान की कमी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के दौरान उनका देहावसान हो गया.

दीपक चौधरी वर्ष 2006 में भारतीय सेना में पदस्थ हुए थे. दीपक ने शुजालपुर मंडी के सरस्वती शिशु मंदिर से वर्ष 2003 में हाई स्कूल और वर्ष 2005 में ऐं सलेंस शारदा स्कूल से हायर सेकेंडरी की परीक्षा पास की थी. शुरू से देश की सेवा का जुनून दीपक के दिलों दिमाग पर था और 2006 में उसने तैयारी कर भारतीय सेना के लिए चयन सुनिश्चित किया था.

दीपक के पिता तेज प्रकाश चौधरी शहर में प्राइवेट सर्विस करते हैं. छोटा भाई पवन चौधरी एक निजी बैंक में शुजालपुर में कर्मचारी के रूप में कार्यरत है. वर्ष 2008 में उनकी शादी हुई थी. बड़ी बेटी 8 वर्षीय कनिष्का व छोटी बेटी 4 वर्षीय प्रगति ही परिवार को जल्द घर आने का वादा कर ड्यूटी पर गए थे.

लेह लद्दाख में तैनात थे शहीद दीपक

लेह लद्दाख की सीमा पर माइनस टे परेचर में वतन के लिए काम करते हुए दीपक गुरुवार को बलिदान हो गए। खबर मिलते ही बचपन के साथी रहे आनंद जोशी सहित अन्य भी भोपाल पहुंचे हैं। पार्थिव देव शनिवार को शुजालपुर लाई जाएगी। बताया जा रहा है कि अत्यधिक कम तापमान में तबीयत बिगड़ने के बाद दीपक ऑन ड्यूटी शहीद हुए हैं।

सूर्य का अध्ययन करने भारत का पहला अन्तरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित

भोपाल। आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन होगा। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर है। रु1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में रखे गए उपग्रह को बिना किसी ग्रहण/ग्रहण के सूर्य को लगातार देखने का प्रमुख लाभ होता है। इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव को देखने का अधिक लाभ मिलेगा।

चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10 वें दिन ढ्ढस्ह्र ने शनिवार को आदित्य रु1 मिशन लॉन्च कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे सुबह 11.50 बजे क्कस्रु-ष्ट57 के ङ्गरुवर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। रॉकेट ने 63 मिनट 19 सेकेंड बाद आदित्य को 235 × 19500 Km की पृथ्वी की ऑर्बिट में छोड़ दिया। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख च्द्व दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है। ?

5 पॉइंट में जानें आदित्य L1 का सफर

- PSLV रॉकेट ने आदित्य को 235 × 19500 च्द्व की पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा।

- 16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षा में रहेगा। 5 बार थ्रस्टर फायर कर ऑर्बिट बढ़ाएगा।

- फिर से आदित्य के थ्रस्टर फायर होंगे और ये L1 पॉइंट की ओर निकल जाएगा।

- 110 दिन के सफर के बाद आदित्य ऑब्जरवेटरी इस पॉइंट के पास पहुंच जाएगा।

- थ्रस्टर फायरिंग के जरिए आदित्य को रु1 पॉइंट के ऑर्बिट में डाल दिया जाएगा।

लैगरेंज पॉइंट-1 (L1) या है?

लैगरेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में रु1 नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रि यूगल फोर्स बन जाता है। ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जे ट को रखा जाता है तो वह आसानी से दोनों के बीच स्थिर रहता है और उस पॉइंट के आस-पास चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैगरेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।

L1 पॉइंट पर ग्रहण बेअसर, इसलिए यहां भेजा जा रहा

इसरो का कहना है कि रु1 पॉइंट के आस-पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एँ टविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। ये 6 जनवरी 2024 को रु1 पॉइंट तक पहुंचेगा।

सूर्य की स्टडी यों जरूरी?

जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

अल्पवर्षा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे -मु यमंत्री चौहान

मु यमंत्री चौहान भगवान महाकाल से वर्षा के लिए प्रार्थना करने उज्जैन जाएंगे

मु यमंत्री चौहान ने अल्पवर्षा से निपटने के संबंध में अधिकारियों से किया विचार-विमर्श

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अल्पवर्षा के कारण प्रदेश में खरीफ फसलों के बचाने, बिजली की बढ़ती मांग, ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने और पेयजल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से जारी रखने की संभावित चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए राज्य सरकार पूरी ताकत से काम करेगी। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह किसानों के साथ खड़ी है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि वे भगवान महाकाल से प्रार्थना करने कल उज्जैन जाएंगे। मु यमंत्री श्री चौहान आज निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में अल्पवर्षा की स्थिति से निपटने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मु य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अगस्त माह में वर्षा बहुत कम हुई है। अल्पवर्षा के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं। खरीफ की फसलें संकट में हैं। इस संकट की स्थिति से निपटने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। इसके लिए बेहतर व्यवस्था भी करेंगे। डेम से पानी छोड़कर फसलों को बचाया जाएगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाता रहेगा। पेयजल और निस्तार के पानी की व्यवस्था करेंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल उपयोगिता समिति की बैठक जल्द कर लें। जहां पानी उपलब्ध है वहां डेम से पानी छोड़ने की व्यवस्था करें। डेमों का परीक्षण कर लें। डेमों में अभी कितना पानी उपलब्ध है, इसकी जानकारी भी लें। जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। किसानों को सिंचाई के संबंध में एडवाइजरी जारी करें। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिजली की बेहतर व्यवस्था करें।

पटवारी भर्ती परीक्षा में चयनित अ यर्थियों पर लात-घूंसे पड़ने के बाद अब FIR, पुलिस खुद बनी फरियादी

भोपाल। भोपाल में पटवारी परीक्षा भर्ती परीक्षा में चयनित अ यर्थियों पर लात-घूंसे पड़ने के बाद अब उनपर स्नढ्ढक्र दर्ज की गई है। करीब 200 अज्ञात अ यर्थियों पर भोपाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इसमें जहांगीराबाद पुलिस खुद फरियादी बनी है। इनके ऊपर धारा 143, 188 के तहत मामला दर्ज हुआ है जिसमें अनुमति के बिना धरना प्रदर्शन करने और शांति भंग करने का आरोप है।

चयनित अ यर्थियों पर एफआईआर

बता दें कि पटवारी भर्ती परीक्षा में चयनित अ यर्थियों ने अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर नीलम पार्क में प्रदर्शन किया था और रविवार को इसे लेकर पुलिस ने लात घूंसों से उनकी पिटाई की थी। ये लोग लंबे समय से अपनी नियुक्ति की मांग कर रहे हैं और इसी मांग को लेकर ये रविवार को नीलम पार्क में एकजुट हुए थे। सैंकड़ों अ यर्थी सुबह 10 बजे से ही यहां जुटने लगे थे और इस कारण थोड़ी देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति भी बन गई। ये लोग मिलकर पार्क में धरने पर बैठ गए लेकिन इन्हें हटाने के लिए पुलिस प्रशासन का दल मौके पर पहुंच गया। इसके बाद उन्हें हटाने के लिए पुलिस द्वारा उनपर लात घूंसे चलाने का वीडियो सामने आया है। इसके बाद अब पुलिस ने इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली है। जहांगीराबाद पुलिस खुद इसमें फरियादी बनी है।

या है मामला

बता दें कि मध्य प्रदेश पटवारी भर्ती परीक्षा 2023 में घोटाले के आरोप के बाद मु यमंत्री द्वारा नियुक्ति पर रोक लगाई गई है। इस मामले में 31 अगस्त तक रिपोर्ट देने की बात कही गई थी लेकिन रिपोर्ट न आने के बाद 1 सितंबर को चयनित अ यर्थियों ने चेतावनी दी थी कि वो 3 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरने पर जाएंगे। इसी के साथ सरकार के सामने इन्होने अपनी तीन मांगें भी रखी थी और कहा था कि भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ न करने पर ये अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। इनका कहना था कि नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जाए और सरकार समानांतर रुप से अपनी जांच भी जारी रखे। सभी नवनियुक्त अ यर्थियों से शपथ पत्र लिया जाए जिसमें दोषी पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई भुगतने की सहमति का प्रावधान हो। इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने भी सीएम शिवराज को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की थी। लेकिन भर्ती तो दूर, अब पुलिस ने कई अ यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

बाबा महाकाल के भरोसे ही देश-शक्तिकांत दास

मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार सुबह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास और चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ लेंि टनेंट जनरल अनिल चौहान बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह में पहुंचकर बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन किया। उसके बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ ने ई-कार्ट में बैठकर महाकाल लोक का भ्रमण भी किया।

सबके मंगल की कामना की

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास शनिवार सुबह विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने भगवान महाकाल का विशेष पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल का ध्यान भी लगाया। आरबीआई गवर्नर दास का स मान श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति की ओर से श्री महाकालेश्वर भगवान की तस्वीर भेंट कर स मान किया। मीडिया से बातचीत में दास ने कहा कि बाबा महाकाल के बहुत अच्छे दर्शन हुए। मैंने यहां पूजन भी किया। बाबा महाकाल के भरोसे ही देश में सब कुछ चल रहा है। मैंने सबके मंगल की कामना बाबा महाकाल से की है।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी हुए नतमस्तक

चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ लेंि टनेंट जनरल अनिल चौहान भी पूरे परिवार के साथ बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन करने पहुंचे थे। और परिजनों ने गर्भगृह में बाबा महाकाल का पूजन किया। इसके बाद वे भी नंदी हॉल में कुछ देर तक भगवान की भक्ति में लीन नजर आए। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति ने उनका भी स मान किया। दर्शन के बाद के चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ अनिल चौहान ने ई-कोर्ट में बैठकर महाकाल लोक का भ्रमण किया।

दास को मिला है दुनिया के शीर्ष बैंकर का स मान

दास को हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका स्थित पत्रिका %ग्लोबल फाइनेंस% ने वैश्विक स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का स मान दिया गया है। उन्हें ग्लोबल फाइनेंस केंद्रीय बैंकर रिपोर्ट कार्ड-2023 में 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है। इस सूची में तीन केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों को 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है, जिनमें दास शीर्ष पर रहे। शक्तिकांत दास यह उपलब्धि प्राप्त करके महाकाल के चरणों में पहुंचें हैं।

छिंदवाड़ा में आज से पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा

छिंदवाडा। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा पांच सितंबर को छिंदवाड़ा पहुंच रहे हैं। वे यहां नौ सितंबर तक भगवान शिव की शिवपुराण कथा का पाठ करेंगे। पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ ने इस कथा का आयोजन किया है। इसके लिए व्यापक तैयारियां हो चुकी हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा दोपहर दो बजे विशेष हेलीकाप्टर से छिंदवाड़ा के नरसिंगपुर नाका पहुंचेंगे। यहां कमलनाथ और नकुलनाथ उनकी अगवानी करेंगे। यहां से शोभायात्रा शुरू होगी जो नगर का भ्रमण करते हुए इमलीखेड़ा पहुंचेंगे। इस शोभायात्रा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है।

पंडित प्रदीप मिश्रा की शोभायात्रा नरसिंहपुर नाके से प्रारंभ होकर श्याम टॉकीज, संतोषी माता मंदिर, चार फाटक होते हुए इंदिरा तिराहा और मोती रॉयल पैलेस होते हुए इमलीखेड़ा चौक पर समाप्त होगी। इस दौरान शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पार्किंग के लिए जगन्नाथ स्कूल और छोटी एमएलबी में व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा मार्ग पर भीड़ के मद्देनजर डायवर्जन भी तय किए गए हैं।

कमलनाथ और नकुलनाथ ने पिछले दिनों बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा कराई थी। इस दौरान लाखों लोग छिंदवाड़ा आए थे। अब पंडित प्रदीप मिश्रा के भक्त भी बड़ी सं या में वहां पहुंच सकते हैं। इसे कमलनाथ के सॉ ट हिंदुत्व के साथ ही इलाके के हिंदू वोटरों को आकर्षित करने का प्रयास बताया जा रहा है। हाल ही में मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जामसांवली में भव्य हनुमान लोक बनाने की योजना का भूमिपूजन भी किया है।

झाबुआ के तत्कालीन कले टर और सीईओ जिला पंचायत को 4-4 साल की जेल

मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में कले टर रहे श्री जगदीश शर्मा आईएएस एवं जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी श्री जगमोहन धुर्वे सहित कुल 7 लोगों को न्यायालय ने 4-4 साल जेल की सजा सुनाई है। कुल 9 लोगों के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया था।

झाबुआ मनरेगा प्रिंटिंग घोटाला

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में जिला पंचायत में मनरेगा अंतर्गत समग्र स्वच्छता अभियान के प्रचार पोस्टर, रजिस्टर आदि सामग्री की छपाई की गई थी। यह कार्य शासकीय मुद्रणालय के बजाय निजी मुद्रणालय से 33.54 लाख 616 रुपए में मेसर्स राहुल प्रिंटर्स भोपाल से कराया गया। प्रिंटिंग प्रेस के मालिक का नाम मुकेश शर्मा बताया गया। जबकि शासकीय मुद्रणालय में यह काम 5,83,891 रुपए में हो जाता। ऐसे में शासन को 27,70, 725 रुपए का नुकसान पहुंचा। मामले में हुई शिकायत और विशेष न्यायालय में दायर किए गए परिवाद के बाद जांच के लिए प्रकरण विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त इंदौर को भेजा गया था।

जांच में पुष्टि होने पर लोकायुक्त पुलिस ने झाबुआ के तत्कालीन कले टर जगदीश शर्मा, तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ जगमोहन सिंह धुर्वे, मनरेगा (तकनीकी) के परियोजना अधिकारी एन.एस.तंवर, स्वच्छता मिशन के जिला समन्वयक अमित दुबे, लेखाधिकारी सदाशिव डावर आशीष कदम, शासकीय मुद्रणालय भोपाल के उप नियंत्रक देवदत्त एके खंडूरी और मेसर्स राहुल प्रिंटर्स भोपाल के मालिक मुकेश शर्मा को आरोपी बनाया। इनके विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 13 (1) डी, 13 (2) आईपीसी की धारा 420, 120 बी के तहत केस दर्ज किया था।

मंडी बंद रखने के कारण किसानों से उपज नहीं लाने का आग्रह

इंदौर। इंदौर जिले में 4 सित बर से आगामी सूचना तक किसान अपनी कृषि उपज (अनाज) एम.पी. फार्मगेट एप के माध्यम से ऑनलाईन के अंतर्गत विक्रय कर सकते हैं। इंदौर जिले में 4 सितंबर से अनाज मंडी व्यापारी संघ द्वारा प्रस्तावित अनिश्चितकालीन मंडी बंद रखने की सूचना कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय को दी गई है।

किसान चिंता न करें, सरकार हर संकट से निपट लेगी - मु यमंत्री चौहान

***नुकसान से बचने किसानों को फसल उत्पादन के पैटर्न को बदलें**

***1500 करोड़ रूपए की लागत के आईटीसी की खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों का शिलान्यास**

***5000 लोगों को मिलेगा रोजगार**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सीहोर के औद्योगिक क्षेत्र बडियाखेड़ी में आईटीसी क पनी की कुल 1500 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाली दो इकाइयों- इंटीग्रेटेड फूड मैन्यूफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टि स फैसिलिटी और सस्टेनेबल पैकेजिंग प्रोडे ट्स मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी का शिलान्यास किया। ये दोनों इकाइयाँ 57 एकड़ में लगेंगी। इससे 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इस फूड प्लांट में आईटीसी के विश्वस्तरीय भारतीय ब्रांड जैसे देश का नंबर-1 आटा ब्रांड आशीर्वाद, सनफीस्ट बिस्कुट और यिप्पी नूडल्स का उत्पादन होगा, जबकि मोल्डेड फाइबर प्रोडे ट्स प्लांट सस्टेनेबल पैकेजिंग के क्षेत्र में नए मानक बनाएगा। इससे इलें ट्रॉनिक वस्तुओं, एफएमसीजी और फूड एवं बेबरेज से टर में पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक का विकल्प मिलेगा। सीहोर में फूड प्रोसेसिंग से टर में आईटीसी का यह निवेश राज्य के मैन्यूफैक्चरिंग से टर में मूल्य सृजित करेगा और एग्री-वैल्यू चेन में सहयोग देगा।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेती में मध्यप्रदेश ने देश के सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। मध्यप्रदेश ने डेढ़ दशकों तक 18 प्रतिशत की कृषि विकास दर प्राप्त कर चमत्कार किया है।

मु यमंत्री ने कहा कि कहा कि फसल नुकसान से बचने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए फसल उत्पादन के पैटर्न को बदलना होगा। परंपरागत फसलों के साथ-साथ व्यावसायिक फसलों जैसे औषधीय फसलों का भी उत्पादन भी आवश्यक है।

खेती आधारित उद्योग लगाने के प्रयास

चौहान ने कहा कि खरीफ की फसल में अधिकतर सोयाबीन और धान ही लगाते है और कई बार एक फसल पर संकट आने से किसान को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग फसलों की किस्मों से किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो सके। इसके लिए आईटीसी ने 7000 एकड़ में तुलसी, अश्वगंधा, कलौंजी की खेती की है। उन्होंने कहा कि खेती पर आधारित उद्योग धंधे लगाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, ताकि किसानों को अपनी फसलों का अच्छा दाम और स्थानीय नागरिकों को रोजगार मिले।

15 लाख 42,750 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 15 लाख 42 हजार 750 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव आए हैं। आईटीसी कंपनी ने भी प्रस्ताव दिया था जिसके तहत बड़ियाखेड़ी में 1500 करोड रुपए का निवेश हो रहा है।

चौहान ने कहा कि आईटीसी किसानों के साथ मिलकर उद्योग और खेती के विकास दोनों के लिए काम कर रही है। इस पहल से सीहोर और आसपास के 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। निरंतर प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हों और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिले। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अल्प वर्षा होने के कारण किसान चिंतित है। किसान चिंता न करें, सरकार हर संकट से निपटने के लिए उनके साथ में है। उन्होंने कहा कि बारिश कम होने के कारण बिजली की मांग बढ़ गई है। पहले 7 हजार मेगावाट की आवश्यकता थी जो बढ़कर 15000 मेगावाट की मांग बढ़ गई है।

आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन श्री संजीव पुरी ने सीहोर में आईटीसी की नई निवेश परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में इछावर विधायक श्री करण सिंह वर्मा, सीहोर विधायक श्री सुदेश राय, आष्टा विधायक श्री रघुनाथ मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, सीहोर जनपद अध्यक्ष श्रीमती नावड़ी बाई बारेला, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर उपस्थित थे।

वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले पूर्व छपारा के जंगल में अंधाधुंध सागौन के बेशकीमती पेड़ों की कटाई

***10 लाख से अधिक कीमत सागौन की इमारती लकड़ी लेकर तस्कर फरार**
***भारी भरकम हरे भरे लगभग एक दर्जन पेड़ो का कत्लआम**
***कुंभकरण की नींद सोते रहे वन विभाग के अधिकारी**

छपारा यशोः- एक तरफ पर्यावरण को बचाने के साथ जंगलों को बचाने के लिए सरकार प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों रुपए का बजट आवंटित कर रही है, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे,पेड़ लगाने या वृक्षारोपण के लिए दिन रात लोगों को जागरूक कर रहे है, वहीं सिवनी जिले के छपारा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पूर्व छपारा बीट के जंगल में अंधाधुंध हरे भरे सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला प्रकाश में आया है।

बताया जाता है कि लगभग 150 सेंटीमीटर मोटाई के करीब 11 सागौन के पेड़ों को काटकर तस्कर जंगल से ट्रक में भरकर ले गए किंतु अब तक इस मामले पर वन विभाग के अधिकारियों के हाथ खाली हैं। वही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस मामले में बीट गार्ड और जि मेदार अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है, जिस तरह से इतनी बड़ी मात्रा में सागौन के पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया जिसमे ऐसे स्थान पर अवैध कटाई की गई है जो वन परिक्षेत्र कार्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी है इतना ही यह जगह सड़क के किनारे लगे जंगल से लगी जहा पर इतने बड़े पैमाने में सागौन के बड़े बड़े पेड़ो को कटर मशीन से काटना फिर सुविधा अनुसार लड़कियों के गोले बना कर गाड़ी में इत्मीनान से भरकर

तस्करो द्वारा लेकर जाना इसी वजह से यह पूरा मामला संदिग्ध नजर आता हैं।

वही विभागीय सूत्रों के अनुसार इसकी अनुमानित कीमत 10 लाख से अधिक की बताई जा रही है, इस घटना के बाद वन परिक्षेत्र छपारा में हड़कंप मच गया है और जि मेदार अधिकारी इस मामले में जवाब देने से बच रहे हैं, ऐसे में बड़ा सवाल निकल कर आता है कि वनों की सुरक्षा में सरकार लाखों रुपए खर्च कर रही है इसके बाद भी तस्करों के द्वारा हरे भरे जंगल से बेशकीमती लकड़ी लेकर भाग जाते हैं और वन विभाग के अधिकारी कुंभकरणीय नींद में सोते रहे फिलहाल इस घटना के बाद विभाग के जि मेदारों की नींद उड़ गई है देखने वाली बात होगी इस पूरे मामले पर किन पर गाज गिरती है.या सिर्फ छोटे कर्मचारियों को हटाकर महज खानापूर्ति की जायेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

वही मामले की गंभीरता को देखते हुए जब वन विभाग के उच्चाधिकारियों से इस संबंध में बात की गई तो इनके ब्यानो में ही तालमेल नजर नहीं आया डीएफओ उत्तर सामान्य वन मंडल बसु कनौजिया द्वारा बताया गया कि सागौन के हरे भरे पेड़ों की कटाई की सूचना मिलने पर वन अपराध दर्ज कर मौके पर कटे मिले पेड़ों को जप्त का डिपो में जमा करवा दिया गया है अज्ञात तस्कर पेड़ों को जंगल से ले जाने में सफल नहीं हो सके ऐसा उनका कहना था। वही दूसरी तरफ उपवन मंडल अधिकारी छपरा मनिंदर सिंह द्वारा बताया गया कि छपरा पूर्व बीट जंगल में सागौन पेड़ों की कटाई पर वन अपराध दर्ज कर लिया गया है 5 या 6 पेड़ की कटाई हुई है और अज्ञात तस्करों का सुराग खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

इससे साफ नजर आता है कि विभागीय तालमेल की कमी है और उच्च अधिकारी अलग-अलग सुविधा अनुसार बयान बाजी कर रहे हैं। वही जमीनी हकीकत यह है कि 11 हरे भरे सागोंन के पेड़ काटे गए है जिनके ताजे ठूठ मौके पर भी देखे जा सकते है

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

सिवनी यशोः- निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकता है। फोटो निर्वाचक नामावली के व्दितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया 2 अगस्त से शुरू हुई थी। मतदाता सूची के व्दितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 के अंतर्गत 11 सितंबर तक दावा-आपत्ति के आवेदन लिए जाएंगे। प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों को प्राप्त करेंगे।

जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है वे ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, इसके लिए नागरिकों को 1शहृद्गहृह्य.द्वष्द्ध.द्गश्1.द्बठ्ठ अथवा ड्डश्हृद्गहृ॥द्दह्यश्चद्यद्बठ्ठद्ब.ड्डक्क के माध्यम से आवेदन करना होगा। साथ ही जो नागरिक 1 अे टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

जिले की चारों विधानसभा में घूमेंगे भाजयुमो के सदस्यता रथ- युवराज राहंगडाले

- 7000230230 न बर पर मिस्ड कॉल करके बन सकेंगे भाजपा के सदस्य

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्यप्रदेश में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के निमित्त भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार के निर्देशानुसार एवं भाजयुमो के जिला अध्यक्ष श्री युवराज राहंगडाले के नेतृत्व में सिवनी जिले में नवमतदाता युवाओं की भाजपा में सदस्यता हेतु जिले की चारो विधानसभा के लिए चार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने दी है। इस दौरान भाजपा के पूर्व राष्टीय महामंत्री व जबलपुर संभाग के विधानसभा चुनाव संयोजक माननीय सी.टी रवी, ज़िला अध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय, केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह, पूर्व सांसद श्रीमति नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष वेदसिंह ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, भाजपा जिला महामंत्री जयदीप चौहान, अजय डागोरिया, गजानंद पंचेश्वर एवं भाजपा व युवा मोर्चा के अन्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

सिवनी यशोः- ब्रह्माकुमारी संस्थान शांति शिखर भैरोगंज मैं धूमधाम से उमंग उत्साह के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया गया ,इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने बताया, हमारी यह भारत भूमि देवताओं की जन्मभूमि है ,स्वयं भगवान की भूमि है , इस भारत भूमि में श्री कृष्णा ,श्री राम का जन्म हुआ, और हम अत्यंत भाग्यशाली हैं ,जो भारत भूमि में हमारा जन्म हुआ ,दीदी ने कहा कि हमारे पूर्वज देवी देवताओं का चरित्र कितना शुद्ध और पवित्र था ,वह हम सब के आदर्श हैं ,अतः हम सभी को भी उनके आदर्शों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए ,ताकि हम पुनः अपनी भारत भूमि को देवताओं की भूमि बना सके ,श्री कृष्ण जी कालिया नाग के ऊपर नृत्य करते हुए दिखाए गए हैं, इसका रहस्य बताते हुए दीदी ने कहा की सर्प के

फन में नृत्य करना कितना मुश्किल कार्य है लेकिन इसका रहस्य है सर्प के पांच फन के ऊपर नृत्य करना अर्थात काम क्रोध लोग अहंकार रूपी पांच विकारों के ऊपर विजय प्राप्त करना ,अतः श्री कृष्ण जी से हम भी शिक्षा ले, कि वे संपूर्ण निर्विकार थे यानी उनके अंदर कोई भी विकार नहीं था ऐसे ही हमें भी अब पांच विकार रुपी सर्प पर नृत्य करना सीखना होगा ,ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने श्री कृष्ण की लीलाओं का आध्यात्मिक मर्म बताते हुए कहा की श्री कृष्ण जी जैसे सर्वगुण संपन्न 16 कला संपूर्ण संपूर्ण निर्विकार देवताओं को जन्म देने के लिए संसार के सभी संघर्षों का सामना करना पड़ता है ,जेल में जन्म होना अर्थात कंस जैसे लोगों के घरों में जब कोई एक व्यक्ति अपना जीवन को शुद्ध और सात्विक बनाता है ,तब उस व्यक्ति को वह बंधन (जेल)में रखते हैं ,उसे नियम संयम का पालन करने नहीं देते हैं ,और उसका जीवन जेल में रहने की तरह बीतता है, यदि कृष्ण जैसी महान पवित्र आत्मा को जन्म देना है ,तो इसके लिए इस कलयुगी संसार में रहते हुए हमें शुद्ध सात्विक, पवित्र, मर्यादित होकर रहना होगा माता देवकी की तरह, चाहे कितनी भी परिस्थितियों का सामना करना पड़े तभी कंस जैसे असुरों का नाश होगा श्री कृष्ण की पूजा कर लेना आसान है ,लेकिन श्री कृष्ण को इस धरती पर प्रकट करने ,जन्म देने के लिए हमें बहुत त्याग और तपस्या करनी पड़ती है ,आज समय अनुसार हर एक भारतवासी के जीवन में त्याग तपस्या की आवश्यकता है, जन्माष्टमी कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में उदय महिला मंडल की अध्यक्ष संगीता मालू एवं समाजसेवी पुष्पा मेहंदी रत्ता भी उपस्थित थे संगीता मालू ने अपने जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए ब्रह्माकुमारी संस्थान का धन्यवाद किया ,और कहा कि हम अनेक जन्माष्टमी के कार्यक्रम में जाते हैं ,जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और श्री कृष्ण की महिमा तो सुनते हैं ,लेकिन ब्रह्माकुमारी संस्थान में एक नवीनता दिखाई दी, जो हमें हमारे मन को बेहद भा गई, वह है श्री कृष्ण की लीलाओं का आध्यात्मिक रहस्य ,जिन्हें सुनकर उन्हें बेहद प्रसन्नता हुई ,जन्माष्टमी के कार्यक्रम को रोचक और आकर्षक बनाने के लिए करीब 35 बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया और सबका मनमोह लिया कार्यक्रम में करीब 300 लोगों की उपस्थिति थी, कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्रह्माकुमारी नीतू दीदी ने किया।

वेतनमान की मांग को लेकर सहकारिता समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन मैं आज 20 वां दिन

सिवनी यशोः- विगत लंबे समय से कर्मचारी अपने सेवन नियम अनुसार वेतनमान लागू करने की की मांग को लेकर सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में समस्त मध्य प्रदेश के पै स समिति कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल है।

विगत 16 अगस्त से संपूर्ण मध्य प्रदेश के साथ-साथ सिवनी जिला के कर्मचारी भी हडताली पंडाल पर डटे हुए हैं और आज निरंतर 20 दिन हो गये हैं ।

उक्त जानकारी मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल जिलाइकाई सिवानी के जिला अध्यक्ष बंशी ठाकुर द्वारा दी गई है।

एक सूत्री मांग को लेकर विगत 15 वर्षो से शासन प्रशासन से लड़ते हुए आ रहे हैं जिसमें वर्ष 2019 में साशन द्वारा पै स सेवन नियम अनुसार वेतनमान दिए जाने हेतु करने की घोषणा महापंचायत बुलाने हेतु निवेदन किया जा रहा है किंतु आज दिनांक तक शासन प्रशासन के द्वारा एवं माननीय मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महापंचायत की तिथि नहीं मिली है जिस कारण से संपूर्ण मध्य प्रदेश के

कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसी तारतम पर प्रतिदिन हडताली पंडाल पर उपस्थित होकर नए-नए तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं इसी तारतम में में आज दिनांक को सिवनी जिले के समस्त कर्मचारी हडताली पंडाल पर अर्धनग्न होकर शासन के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराया और जमकर नारे बाजी की गई।

पै स सहकारी समिति कर्मचारियों के हड़ताल में होने के कारण से पात्र एवं गरीब उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल पा रहा है और किसानों को खाद बीज नगद ऋण,ऋण वसूली जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

शासन नहीं दे रहा है ध्यान

मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल जिला इकाई सिवानी के जिला अध्यक्ष बंशी ठाकुर ने कहा कि अगर शासन ने हमारे ऊपर ध्यान नहीं दिया तो प्रतिदिन अब और आंदोलन उग्र होगा जिसकी समस्या जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी योंकि अब कर्मचारियों का धैर्य टूट चुका है और यह लड़ाई अब आर पार की लड़ाई हो चुकी है जिसका खामी आज सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा अतः में सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जल्द से जल्द पै स समिति के कर्मचारियों की जायज मांगों को स्वीकार करते हुए महापंचायत बुलाया जाए का आग्रह करता हूँ ।

गौरीशंकर मंदिर में मानस परायण संपन्न

सिवनी यशोः- श्री गौरी शंकर मंदिर बस स्टेन्ड के पिछे अपनी बर्षागत पर परा अनुसार श्रावण पुरुषोतम मास जो 2023 में स्वर्ण योग बना है जिसमें गुरु पूर्णिमा से मंदिर में अखण्ड श्री राम चरित्र मानस परायण जारी है ।अखण्ड परायण का 71 वॉ मानस परायण जो श्रावणी पूर्णिमा पर चल रहा है । गौरी शंकर मंदिर समिति द्वारा श्री राम नाम लेखन जो

विगत अनेकों बर्षो से संचालित है । समिति द्वारा श्री राम नाम बैंक चित्रकूट में 21 करोड़ एबं अयोध्या मैं 31 करोड़ राम नाम पत्रक जमा हो चुके है । वर्तमान में नगर एवं दूर दराज से राम नाम पत्रक लिखकर इस सत्र में 25 करोड़ श्रावण भाष के पूर्व आ चुके है । जिसकी श्री राम नाम गणना कर दर्शन / पूजन हेतू मंदिर में रखे है । नगर से नित भक्तों का ताता लगा रहता है । प्रथम श्रावण मास से अब तक प्रति सोमवार एवं तिथि में निरन्तर अभिषेक संचालित है । मंदिर समिति सदस्यों द्वारा सोमवार एवं अन्य पूजनीय दिवस पर भण्डारा भोजन प्रसादी वितरण होता रहता है ।

श्री गौरी शंकर मंदिर में विगत 3 दिस बर 1999 से संध्या समय प्रति दिन एक घंटा भगवन नाम स्कीर्तन संचालित है । श्रावण मास में प्रति दिन जल पूजन अर्चन की भीड़ लगी रहती है । श्री गौरी शंकर मंदिर के अध्यक्ष बलराम सोनी के कुशल नेतत्व का प्रभाव से मंदिर में भक्ति भावना की गंगा निर न्तर प्रभावित है । अखण्ड श्री राम चरित्र मानष परायण का विश्राम 03-9-2023 दिन रविवार विश्राम होगा / अभिषेक पूजन अर्चन के पश्चात महाभोग भोजन प्रसादी (भण्डारा) होगा । विगत सत्ताह में गौरी शंकर मंदिर छ्पारा में छ्तीसगढ़ से आदिवासी रामनामी जो स पूर्ण शरीर पर राम नाम अंकित मंदिर में रामायण गायन प्रस्तुत किया गया था समस्त श्री राम चरित्र परायण / एवं लगभग 9 सोमवार अभिषेक में यजमान हवन पूजन प्रसादी समापन पर उपस्थिति की प्रार्थना है ।पुनीत पावनी मॉ बैन गंगा का जल लेकर कावड़ यात्रा का प्रचलन गौरी शंकर मंदिर के आ0हाना पर शिवलयों में जल अभिषेक भी प्रति सोमवार में किया गया । समापन तक 151श्री सुन्दर काण्ड परायण 521 श्री हनुमान चालीस स पन्न तक हो चुके है ।

घंसौर को जिला बनाने की मांग पकड़ रही जोर

जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक स पन्न

घंसौर यशो - तहसील मु यालय घंसौर को जिला बनाने की मांग जोर पकड़ रही है इस मुहिम को लेकर बैठक का आयोजन 3 सितंबर रविवार को किया गया, चर्चा में बताया गया कि दूसरे जिले का हिस्सा बनने की बजाय घंसौरवासीयों को घंसौर को ही जिला बनाने की मांग उठाना चाहिए, तहसील स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया जहां सभी उपस्थित लोगों द्वारा एक स्वर में घंसौर को जिला बनाने की मांग को लेकर सहमति देते हुए इसे जोर - शोर से उठाने पर सहमति बनी, बताया गया कि लखनादौन और नैनपुर अलग-अलग छोर पर स्थित हैं जिसका केंद्र बिंदु घंसौर है तथा जिला बनने के लिये घंसौर सबसे अधिक उपयुक्त है, सिवनी मु यालय से घंसौर से दूरी 170 किलोमीटर से अधिक है जिससे क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है पर्यटन के क्षेत्र में पायली बरगी डेम इकोटेरिज्म के मामले में प्रसिद्ध है उद्योग के क्षेत्र में मु यालय से नजदीक 600 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट संचालित है जबकि शीघ्र ही 660 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जायेगा जिससे इसकी ऊर्जा उत्पादन की क्षमता दोगुनी हो जावेगी इसके अतिरिक्त दो अन्य बड़े उद्योगों के लिए भूमि रिजर्व हो चुकी है जहां शीघ्र ही उद्योग स्थापित होगें, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर जोन अंतर्गत आने वाला रेलमार्ग घंसौर मु यालय से होकर गुजरता है यह रेलमार्ग आने वाले समय में देश के उत्तर से दक्षिण छोर को जोड़ने में सार्थक सिद्ध हो रहा है तथा उक्त रेलमार्ग का निर्माण से देश के उत्तर से दक्षिण की दूरी कम करने के लिए बनाया गया है, सड़क मार्ग की बात की जाये तो मु यालय से होकर स्टेट हाइवे गुजरता है जो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ता है मार्ग से होकर छत्तीसगढ़ के रायपुर से मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में स्टील की आपूर्ति होती है, घंसौर से होकर जबलपुर संभागीय मु यालय तक सीधा सड़क मार्ग है यदि घंसौर को जिला बनाया जाता है तो जिला मु यालय से सीधे जोड़ेगा, सभी क्षेत्रों में घंसौर जिला बनने की काबिलियत रखता है ऐसे में घंसौर को जिला बनाने की मांग बलवती हो सकती है।

97 लोगो ने ली भाजपा की सदस्यता

सिवनी यशोः- भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल द्वारा भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत रविवार को भैरोंगज सोमवारी चौक गार्डन में भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर मंडल द्वारा सदस्यता अभियान कार्यक्रम किया गया। इसमें 97 लोगो ने सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सिवनी बालाघाट के सांसद ढालसिंह बिसेन, भाजपा के पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिला अध्यक्ष कीरत सिंह बघेल, वरिष्ट भाजपा नेता राजेश उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष लालू राय, भाजयुमो जिला अध्यक्ष युवराज सिंह रांगहडाले, किसान मोर्चा जिले के उपाध्यक्ष निरंजन मिश्रा, भारतीय जनता भारतीय जनता पार्टी के नगर के उपाध्यक्ष अनूप मिश्रा, नगर मंत्री ज्योति राजपूत, यशोदा, जितेंद्र अहिरवार, पार्षद राम कुमारी बरमैया, रविशंकर भांगरे, भाजयुमों जिला महामंत्री तुलेश डहरवाल, जिला उपाध्यक्ष लवकेश त्रिवेदी, शुभम राजपूत, राजा बघेल, अंकित ठाकुर, जिला मंत्री अमित पांडेय, सौरभ यादव, सोसल मीडिया प्रभारी खुशेन्द्र पवार, नगर अध्यक्ष भाजयुमों भुनेश कुल्हाड़े, नगर महामंत्री विशाल यादव, उपाध्यक्ष तेजस तिवारी, निखलेश कुल्हाड़े, गौरव उपाध्याय, हिमांशु ठाकुर, मंत्री रोहित साहू, अभिजीत करोसिया, श्रेयांश खरे, खुशाल चंद्रहाश, जितेंद्र अहिरवार, अर्पित त्रिपाठी, रत्नेश यादव, बृजेश जघेला, अखिलेश पांडे, नवनीत अबधिया, यश चंदेल, आयुष कुल्हाडे, केतन कुल्हाडे, अक्षत शर्मा, आकाश गौर, अभिषेक बघेल, शुभम मेहरा व नगर के प्रमुख कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

चार दिवसीय निःशुल्क समग्र-केवायसी एवं संबल जागरूकता शिविर का आयोजन

मध्यप्रदेश में स्कूल एवं कॉलेज की स्कॉलरशिप सहित समस्त योजनाओं के लिए समग्र-केवायसी अनिवार्य

बालाघाट - नगर की समाजसेवी संस्था सहस्त्रबाहु एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी बालाघाट द्वारा 4 दिवसीय निश्शुल्क समग्र-केवायसी शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो 5 से 8 सित बर 2023 तक सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा। यह निश्शुल्क शिविर सर्च इन्फोटेक मोतीतालाब रोड मोतीनगर बालाघाट में आयोजित किया जावेगा। जिसके लिए समग्र आईडी, आधारकार्ड एवं मोबाईल लाना अनिवार्य होगा। यदि किसी हितग्राही का आधारकार्ड से मोबाईल लिंक नहीं है तो वह स्वयं उपस्थित होकर फिंगरप्रिंट के माध्यम से भी केवायसी करवा सकता है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश सरकार की असंगघटित क्षेत्रों के कार्य करने वाले नागरिकों के लिए श्रम विभाग की संबल योजना से नागरिकों को मिलने वाले लाभ बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जायेगा।

शासन के आदेशानुसार मध्यप्रदेश में की समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर आधार-समग्र केवायसी एवं बैंक खाता डीबीटी को अनिवार्य कर दिया गया है। संस्था के सचिव श्री जगदीश ताम्रकार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस शिविर का मु य उद्देश्य जनसामान्य एवं स्कूल व कॉलेजों में अध्ययनरत विध्यार्थियों को शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी व्यवधान के निरंतर मिलता रहे यही हमारा प्रयास है। हमारी संस्था द्वारा विगत मार्च 2023 से निरंतर निश्शुल्क समग्र ई-केवायसी का कार्य नगरपालिका बालाघाट में सतत् रूप में प्रारंभ है।

सखी निवास स्थापित करने प्रस्ताव आमंत्रित

मंडला यशो:- भारत सरकार की मिशन शक्ति सामर्थ्य अंतर्गत कामकाजी महिलाओं को सुविधाजनक व सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने हेतु महिला वसति गृह (सखी निवास) योजना संचालित की जा रही है जिन शहरों/क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं, उन क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए भारत सरकार की योजना अंतर्गत सुविधाजनक व सुरक्षित आवास उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। महिला वसतिगृह (सखी निवास) के स्थान चयन हेतु जिले में कारखाना बाहुल्य स्थान, तकनीकी शिक्षा, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, निजी बैंक व महाविद्यालय अथवा अन्य ऐसे स्थान जहां पर कामकाजी महिलाओं की सं या अधिक हो महिला वसतिगृह (सखी निवास) स्थापित किये जा सकते हैं।

महिला वसतिगृह (सखी निवास) की स्थापना संबंधी व्यय का भार भारत सरकार, राज्य सरकार द्वारा 60:40 अनुपात में निर्वहन किया जायेगा। वसति गृह स्थापित करने के लिए शासकीय रिक्त भवन अथवा पूर्ण सुविधायुक्त किराये के भवन में की जा सकती है। भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग की ऑफिशियल साइट पर भी उपलब्ध है। अपना प्रस्ताव कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग जिला पंचायत परिसर मण्डला में डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते हैं एवं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी मण्डला प्रथम तल जिला पंचायत परिसर मण्डला से संपर्क कर सकते है।

आर्थिक सहायता स्वीकृत

मंडला यशो:- निवास तहसील अंतर्गत आकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय से मृतक के निकटतम वारसान को आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाशीय बिजली की चपेट में सुनीता बाई ग्राम मुकासखुर्द निवासी की मृत्यु हुई थी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान आवेदक हल्केराम को कुल 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

बीज निगम की भूमि पर नवीन बस टर्मिनल निर्माण को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

यथावत आरंभ रहेंगे तीनों स्टेंड, ऑटो व टै ि स वाहन चालकों को भी मिलेगी सुविधा

सिवनी यशो:- हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुर्न घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत वर्तमान में स्थित प्राइवेट बस स्टेंड के पीछे स्थित शासकीय भूमि पर नवीन बस टर्मिनल बनाये जाने के लिए तेंदूखेड़ा की निर्माण एजेंसी वंशिका इंटरप्राइजेज को अधिकृत तौर पर नियुक्त कर दिया गया है।

नगर के जागरूक नागरिको ने आज जिला कले टर सिवनी के माध्यम से एक ज्ञापन प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक मुनमुन राय, हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन आशुतोष तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक दुबे व हाउसिंग बोर्ड भोपाल के आयुक्त भरत यादव के नाम सौंपा।

इस दौरान अवगत कराया गया कि प्रस्तावित भूमि बस स्टैंड रेलवे स्टेशन के नजदीक होगा जिससे यात्रियों को ट्रेने में सफर करने में भी आसानी होगी। बीज निगम की भूमि पर बस स्टैंड होने से फोरलाइन बायपास मार्ग करीब होगा, जिससे मंडला-बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नागपुर की ओर जाने के लिए नगर के भीतर आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे नगर में ट्रॉफिक जाम की समस्या लगभग शून्य हो जायेगी। ज्ञापन में बताया गया कि बीज निगम से बायपास की दूरी मात्र 01 किमी है, जिससे किसी भी जिले में जाने के लिए बसो को भी आसानी होगी । बस स्टैंड बीज निगम की भूमि पर होने से आस-पास के जिलों में जाने के लिए बाय-पास होगा और आवागमन आसान होगा ।

जागरूक नागरिकों और युवाओं ने कले टर से चर्चा के दौरान बताया कि वर्तमान बस स्टैंड जिस स्थान पर संचालित है, उस स्थान से जिले के अंदर ग्रामीण क्षेत्रो में चलने वाली बसो का आवागमन पूर्व की तरह पूराने बस स्टैंड से ही रखा जायें, जिससे ग्रामीण क्षेत्रो से आने-वाले नागरिको को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी और साथ ही नगर प्रशासन को काफी समय से टै सी स्टैंड हेतु जगह की आवश्यकता है, उसे भी वर्तमान बस स्टैंड से संचालित कर टै सी स्टैंड की समस्या से भी निजात पायी जा सकती है ।

नागपुर रोड मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग में ओवर ब्रिज प्रस्तावित है, जिससे आवागमन में समस्या नहीं होगी और भविष्य में और अधिक मात्रा में ट्रेनो की आवाजाही प्रस्तावित है, बस स्टैंड रेलवे स्टेशन के पास होने से यात्रियों को सुविधा होगी । ज्ञापन में बताया गया कि बीज निगम की भूमि पर प्रशासन चाहे तो प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय एवं जिला न्यायालय परिसर भी भविष्य में बनाया जा सकता है। किसानों के लिए यहां बस स्टेंड बनना सुविधा जनक होगा ` योकि निगम की जमीन से लगी हुई थोक सब्जी वर्तमान में संचालित है।

सुझाव दिया गया कि पुराने बस स्टैंड में किसी अन्य शासकीय बिल्डिंग अथवा कार्यालय का निर्माण कराया जा सकता है । वहीं नगर के मु यमार्गों पर फल ठेलो का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे हमेशा ही जाम की स्थिति निर्मित होती है, अगर पुराने बस स्टैंड पर फल मंडी को स्थानांतरित कर दिया जाता है तो उक्त जाम की समस्या से भी निजात मिल जायेगा ।

कले टर को सौंपे गये ज्ञापन में दो अन्य वैकल्पिक स्थान डालडा पै ट्री के सामने पड़ी रिक्त भूमि व बीझावाड़ा (पूर्व प्रस्तावित) में भी बस स्टैंड ले जाया जाता है तो नगर के विकास एवं विस्तार में सहायक होगा ।

ज्ञापन में युवाओं व जागरूक नागरिको ने कले टर क्षितिज सिंघल से अनुरोध किया कि नवीन बस टर्मिनल का निर्माण अभी आरंभ नहीं हुआ है इसे नागपुर रोड पर स्थित बीज निगम की भूमि पर बनाया जाये ताकि नगर का विस्तार और विकास हो सके।

शाला परिसर बेहतर बनाएं, गुणवत्तायुक्त शिक्षण सुनिश्चित करें - डॉ. सिडाना

कले टर ने की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

मंडला यशो:- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शाला भवनों के मर मत कार्य तथा शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शाला भवनों में स्वीकृत मर मत कार्यों को उचित गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा कराएं। शाला परिसर तथा शाला भवन को आकर्षक बनाएं। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमट, डीईओ क्षमा सराफ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कले टर ने निर्देशित किया कि मर मत कार्य के लिए जो भी राशि प्रदान की गई है उसका समुचित उपयोग करते हुए शाला परिसर को बेहतर बनाएं। शाला भवन के मर मत कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कले टर ने संबंधित बीईओ, बीआरसी, उपयंत्री तथा शाला शिक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि सभी शालाओं में बिजली, पानी, रे प, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिन शालाओं के डिजिकिंग वाटर यूनिट खराब है, पीएचई से समन्वय कर जल्द सुधार कराएं। कले टर ने कहा कि सभी बीईओ, बीआरसी, बीएसी तथा जनशिक्षक शालाओं की मॉनिटरिंग करें। पाठ्यक्रम समय पर पूरा कराएं। शिक्षण कार्य में सहायक शैक्षिक सामग्री का उपयोग कराएं। अध्यापन कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखें। कले टर ने कहा कि शेष बचे नवीन शिक्षकों के वेतन भुगतान की कार्यवाही जल्द पूरी करें। उन्होंने इन शिक्षकों के वेतन भुगतान में विलंब होने पर संबंधित बीईओ का एक दिवस का वेतन काटने तथा शिक्षकों को वेतन जारी न होने तक उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में कले टर ने पुस्तक वितरण, नामांकन, शालाओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन आदि के संबंध में विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

दिव्यांग बच्चों की जांच हेतु शिविर आयोजित करें

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शालाओं में दर्ज विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जांच के लिए जिला स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में दिव्यांग विद्यार्थियों को पात्रतानुसार प्रमाण-पत्र जारी करने, दवाईयाँ वितरित करने, कृत्रिम अंग प्रदान करने तथा शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने की योजना तैयार करें। कले टर ने कहा कि बच्चों के चिन्हांकन की कार्यवाही समय पर पूर्ण करें तथा विशेष आवश्यकता वाले प्रत्येक बच्चे को शिविर में लाना सुनिश्चित करें।

सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत कार्यशाला संपन्न

मंडला यशो:- उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मण्डला अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनानगर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रचार-प्रसार कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मित्रा द्वारा दीप प्रज्जलन कर किया गया। कार्यशाला में समस्त विकासखण्डों से आये कृषक/उद्यमी युवा बेरोजगारों ने कार्यशाला में भाग लिया जिसमें सुजय कुमार अग्रणी जिला लीड बैंक प्रबंधक, दीपकपाल जिला प्रबंधक नाबार्ड माया रामटेके, डॉ आर. के. अहिरवार एवं डॉ प्रणय भारती उपस्थित रहे। सहायक संचालक उद्यान एन.एल. शरणागत ने योजना का संक्षिप्तीकरण प्रस्तुत किया व योजना का प्रस्तुतिकरण अभिनव बर्मन ग्रा.उ.वि.अधि., सुजय कुमार अग्रणी लीड बैंक प्रबंधक बैंक संबंधी जानकारी, दीपकपाल जिला प्रबंधक नाबार्ड द्वारा एफपीओ/एसएचजी का योजना से अभिसरण पर प्रकाश डाला, माया रामटेके, सहायक संचालक कृषि ने एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रेक्चर फंड पर चर्चा की। डॉ आर. के. अहिरवार वैज्ञानिक मोटे अनाज के संबंध में जानकारी दी।

अवैध शराब विक्रय पर छापामार कार्यवाही

मंडला यशो:- आबकारी टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कारीकोन, मढ़ई, खापा रैयत एवं शहर से लगे महाराजपुर, बिंझिया क्षेत्र में संदिग्ध स्थानों एवं मकानों की तलाशी पर 82 लीटर हाथ से बनी महुआ शराब तथा महुआ शराब बनाने के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले लगभग 850 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इस अपराध में संलिप्त 11 व्यक्तियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के अन्तर्गत न्यायालयीन मामला दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी बल के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ी नजर रखते हुए अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु निरंतर गश्त एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रहेगी।

5 सितंबर जनआर्शीवाद यात्रा को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित

मण्डला की जनआर्शीवाद यात्रा ऐतिहासिक पलों में जुड़ेगी - उदयप्रतापसिंह

मण्डला यशो:- मण्डला वीरांगना रानी दुर्गावती की शौर्य भूमि रही है, यहां आज भी गौंड साम्राज्य की गौरवगाथा हमारे जीवन में एक नई अनुभूति का एहसास कराती है, मण्डला से जनआर्शीवाद यात्रा का शुभारंभ होना हम सबके जीवन का ऐतिहासिक पल होगा। 5 सितंबर को देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का मंगलवार को प्रातः 11.30 बजे मण्डला आगमन होगा। गृहमंत्री श्री शाह मण्डला से जनआर्शीवाद यात्रा को हरी झंडी दिखायेंगे एवं मण्डला स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त आशय के उदगार जनआर्शीवाद यात्रा के संभागीय प्रभारी सांसद उदयराव प्रताप सिंह जी ने सोमवार को मण्डला जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता कही। इस अवसर पर श्री राव ने कहा कि हमारे केंद्रीय एवं राज्य के वरिष्ठ नेतृत्व की मंशा है कि हमारी यात्रा अधिक से अधिक विधानसभाओं से होकर गुजरे इस क्रम में इस बार पूरे प्रदेश से विभिन्न क्षेत्रों के लिए 5 रथों को रवाना किया जा रहा है। श्री उदय राव जी ने बताया कि जनआर्शीवाद यात्रा में प्रदेश के माननीय मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी मध्यप्रदेश चुनाव के प्रभारी केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव जी , म.प्र. चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक एवं केंद्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी, प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधरराव, रेलमंत्री व प्रदेश चुनाव के सहप्रभारी श्री अश्विनी वैष्णव जी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा जी, केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी, केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद पटेल जी, केंद्रीय मंत्री श्री वीरेन्द्र खटीक एवं केंद्रीय मंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते जी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी सहित पार्टी का वरिष्ठ शीर्ष नेतृत्व उपस्थित रहेगा।

रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर गृहमंत्री अमित शाह करेंगे माल्यार्पण

गृहमंत्री अमित शाह का महाराजपुर स्थित संगम हेलीपेड में अगवानी होगी साथ ही नगर के विभिन्न मार्गो में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जायेगा। श्री शाह इस दौरान मण्डला नगर में स्थापित रानी दुर्गावती स्मारक के समक्ष पहुंचकर रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करेंगे तत्पश्चात सभा स्थल पहुंचेंगे।

जनआर्शीवाद यात्रा पहले दिन मण्डला से आरंभ होकर बिछिया पहुंचेगी...

जनआर्शीवाद यात्रा मण्डला से आरंभ होकर बहनी, ककैया, अंजनियां, होते हुए बिछिया पहुंचेगी यहां आमसभा होगी यात्रा के मार्ग पर जगह-जगह स्वागत किया जायेगा एवं रथ सभा भी होंगी।

पत्रकार वार्ता में ये रहे उपस्थित

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय स्प्रात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिह कुलस्ते, यात्रा के सहप्रभारी श्री अभिलाष पाण्डे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी श्री प्रशांत तिवारी, श्री रविन्द्र पचौरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, मीडिया प्रभारी सुधीर कसार उपस्थित थे।

कले टर ने किया सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

मंडला यशो:- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने माधोपुर बिछिया में संचालित सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में स्टॉफ तथा बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कले टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी छात्रावास की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार लाएं। बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप भवन में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने भवन की मर मत के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि छात्रावास भवन की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। खाद्यान्न सहित अन्य आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में रखें। निरीक्षण के दौरान सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, जिला शिक्षा अधिकारी क्षमा सराफ सहित संबंधित उपस्थित रहे।

लाखों का ऑ सीजन प्लांट फिर भी खरीद रहे ऑ सीजन

मंडला यशो:- जिला अस्पताल में लाखों रूपये खर्च कर बनाया गया ऑ सीजन प्लांट अब अनुपयोगी साबित हो रहा है। वहीं प्लांट के होते हुए भी बाहर से ऑ सीजन की खरीदी की जा रही है, जिसमें अस्पताल प्रबंधन हर महिने हजारों रूपये का भुगतान ऑ सीजन उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों को करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि कोरोना काल में ऑ सीजन की कमी के चलते कई मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था यही नहीं कई लोगों की जान तक समय में ऑ सीजन नहीं मिल पाने से चली गई थी जिसे देखते हुए प्रत्येक जिला अस्पतालों में लाखों रूपये खर्च कर ऑ सीजन प्लांट का निर्माण सरकार द्वारा कराया गया ताकि भविष्य में यदि कोरोना जैसी महामारी के हालात बनते है तो कम से कम ऑ सीजन की कमी का सामना न करना पड़े। जिले में जिला अस्पताल और नैन्सुर में अस्पताल परिसर में ऑ सीजन प्लांट का निर्माण कोरोना काल में कराया गया था।

मरीजों के पलंग तक दी गई है सप्लाई

जिला अस्पताल परिसर में ऑ सीजन प्लांट का निर्माण कराकर प्लांट से पाईप लाईन को अस्पताल में जिन वार्डों में मरीजों को भर्ती किया जाता है, उन वार्डों तक पाईप लाईन से ऑ सीजन पहुंचाने की व्यवस्था की गई है ताकि जरूरत पड़ने पर पर्याप्त मात्रा में ओ सीजन मरीज को सीधे पाईप लाईन के माध्यम से उपलब्ध कराई जा सके। प्लांट निर्माण से लेकर पाईप लाईन बिछाने आदि में लाखों रूपये खर्च किया गया है, सिर्फ पाईप लाईन से मरीजों तक ऑ सीजन पहुंचाई जा रही है, जानकारी अनुसार सिलेण्डरों में ऑ सीजन दूसरे जिले के प्लांट से भरवाई जा रही है जिसमें हर महिने लाखों रूपये प्रबंधन द्वारा खर्च किए जा रहे हैं। प्रबंधन का कहना है कि सिलेण्डरों की ऑ सीजन का उपयोग मरीजों को रेफर किए जाने, अस्पताल से मरीज को एंबुलेंस तक पहुंचाने आदि में किया जाता है। सूत्रों की मानें तो जिला अस्पताल परिसर में जो प्लांट बनाया गया है उससे सीधे सिलेण्डर में ऑ सीजन भरने की सुविधा नहीं है मात्र इसलिए ओ सीजन प्लांट होते हुए भी दूसरे जिले के प्लांट से ऑ सीजन सिलेण्डर मंगवाई जा रही है।

हर माह हो रही खरीदी, जरूरत न के बराबर

कोरोना के कहर के बाद सरकार ने लाखों रुपए खर्च करके अस्पतालों में ऑ सीजन प्लांट लगवाए, इसके बाद भी यहां ऑ सीजन सिलेंडर खरीदे जा रहे हैं। इससे व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जबकि एसएनसीयू व आइसीयू वार्ड को छोड़ दें तो अन्य किसी वार्ड में ऑ सीजन की जरूरत नहीं के बराबर है लेकिन आत्मनिर्भर होने के बावजूद भी अस्पताल में ऑ सीजन की खरीदी समझ से परे है।

भोपाल से होती है लिक्विड ऑ सीजन की सप्लाई

जानकारी अनुसार तीसरी लहर के अलर्ट के चलते शासन द्वारा जिला अस्पताल पीएम केयर और भारत पेट्रोलियम के सहयोग से दो ऑ सीजन प्लांट लगवाए गए थे जो ज्यादा काम के साबित नहीं हो रहे हैं। अस्पताल में भोपाल से लिक्विड ऑ सीजन की सप्लाई हो रही है जिसे जिला अस्पताल के टैंक में स्टोर किया जाता है। इसके अलावा जिले के अन्य अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिविल अस्पताल में पुरानी व्यवस्था से काम चल रहा है। इससे शासन प्रशासन को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

ताकि प्लांट न हो जाएं जाम..

सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल में दोनों प्लांटों को सिर्फ इसलिए माह में एक-दो बार चालू किया जाता है ताकि प्लांट की मशीनें जाम न हो जाएं। बाकि समय लाखों रूपए के ऑ सीजन प्लांट धूल खाते रहते हैं। यही नहीं अब यही प्लांट अस्पताल प्रबंधन के लिए अतिरिक्त खर्च का भी साधन बन गए हैं। जिला अस्पताल में जो दो ऑ सीजन प्लांट लगाए गए हैं। इसमें एक 1100 एलपीएम दूसरा 1000 एलपीएम क्षमता के ओ सीजन प्लांट है लेकिन इन चालू करना जिला अस्पताल के लिए सिरदर्द है। पहली समस्या यह है कि प्लांट को चालू करने में बिजली बिल अधिक आता है। एक घंटे प्लांट चालू करने में ही करीब बीस से तीस हजार रूपए का बिल जनरेट होता है और महीने भर प्लांट चला तो करीब दो से तीन लाख का बिजली बिल सिर्फ प्लांट का ही होगा।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297